संपदा 2.0: एक पूर्णतया डिजिटल और सुरक्षित ई-रजिस्ट्री प्रणाली

चर्चा में क्यों?

हाल ही में, मध्य प्रदेश भारत का पहला राज्य बन गया है जिसने सम्पदा 2.0 नामक अत्याधुनिक **ई-रजिस्ट्री प्रणाली शुरू की है**, जिससे दस्तावेज़ पंजीकरण पूरी तरह से डिजिटल और सुरक्षित हो गया है।

प्रमुख बिंदु

- **संपदा 2.0:**
  - संपदा 2.0 दस्तावेज़ पंजीकरण सॉफ्टवेयर और मोबाइल ऐप का नया संस्करण है।
  - मध्य प्रदेश दस्तावेज़ पंजीकरण प्रक्रिया को पूरी तरह से डिजिटल बनाने वाला पहला राज्य है।
  - यह प्रणाली पंजीकरण के लिये उप-पंजीयक कार्यालय जाने की आवश्यकता को समाप्त कर देती है, जिससे प्रक्रिया अधिक सुविधाजनक और कागज़रहित हो जाती है।
- **आधार से जुड़ी सुरक्षा:**
  - दस्तावेज़ों और व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये पूरी प्रणाली को आधार से जोड़ा गया है।
  - हस्ताक्षर के स्थान पर आधार से जुड़े मोबाइल नंबरों के माध्यम से OTP सत्यापन किया जाता है।
  - रजिस्ट्री लिंक सहित सभी सूचनाएँ उपयोगकर्त्ताओं को व्हाट्सएप, ईमेल और आधार से जुड़े मोबाइल नंबरों के माध्यम से भेजी जाएंगी।
- **पंजीकरण के लिये तीन विकल्प:**
  - **वीडियो KYC**: पक्षकार वीडियो लिंक का उपयोग करके घर से ही दस्तावेज़ों का पंजीकरण कर सकते हैं।
  - **सेवा प्रदाता के माध्यम से:** दस्तावेज़ों को पंजीकृत सेवा प्रदाता के माध्यम से पंजीकृत किया जा सकता है।
  - **उप-पंजीयक कार्यालय में:** पक्षकार पंजीकरण के लिये उप-पंजीयक कार्यालय में जाना चुन सकते हैं।
- **संपदा 2.0 की अनूठी विशेषताएँ:**
  - **जियो-टैगिंग:** जियो-टैगिंग का उपयोग करके संपत्तियों की पहचान की जाएगी और मूल्यांकन एवं स्टांप ड्यूटी विवरण स्वचालित रूप से प्राप्त किये जाएंगे।
  - **कागज़ रहित प्रक्रिया:** कोई भौतिक प्रति प्रदान नहीं किया जाएगा। इसके बजाय, रजिस्ट्री को ईमेल और व्हाट्सएप के माध्यम से PDF फाइलों के रूप में भेजा जाएगा।
  - **गवाहों की आवश्यकता नहीं:** नई प्रणाली पंजीकरण के दौरान गवाहों की आवश्यकता को समाप्त कर देती है।
  - **वास्तविक समय डेटा एकीकरण: संपत्ति विवरण के लिये** विभिन्न विभागों **(राजस्व, नगर नियोजन, नगर निगम) से जानकारी** स्वचालित रूप से प्राप्त की जाएगी।
  - **स्वचालित नामांतरण:** स्वचालित नाम परिवर्तन के लिये रजिस्ट्री डिजिटल रूप से भेजी जाएगी, जिससे परिवर्तन प्रक्रिया सरल हो जाएगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sampada-2-0-a-fully-digital-and-secure-e-registry-system